## सुरक्षा और रखरखाव के अभाव में उजड़ रही धरोहर, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

# उपेक्षा का शिकार देश का केन्द्र बिन्दु बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



विंध्याचल की सुरम्य पहाड़ियों के बीच स्थित करौंदी का वह ऐतिहासिक स्थल, जिसे देश का भौगोलिक केंद्र बिंदु माना जाता है। यह स्थान आज उपेक्षा का शिकार है। देश की पहचान और गौरव से जुड़े इस स्मारक की हालत लगातार खराब होती जा रही है। परिसर में बने शेरों की प्रतिमाएं बदरंग हो चुकी हैं, चबूतरा क्षतिग्रस्त है, सुंदर नक्काशी वाले पत्थर उखड़ रहे हैं और फव्वारे व बैठने की व्यवस्थाएं भी टूट-फूट का शिकार हैं। परिसर में लगाए गए पौधे नष्ट हो चुके हैं। जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। यहां पहुंचने वाले पर्यटक बदहाल व्यवस्था देखकर निराश होकर लौट रहे हैं।

वर्ष 1956 में डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य एस.पी. चक्रवर्ती के नेतृत्व में भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु की खोज की गई थी। सपना था कि यहां अंतरराष्ट्रीय आदर्श गांव विकसित किया जाएगा, जहां दुनिया के विभिन्न देशों के लोग एक साथ बस सकें। डॉ. लोहिया के निधन के बाद वर्ष 1968 में यहां समाजवादियों का सम्मेलन हुआ, जिसमें इस परियोजना के लिए लगभग 1300 एकड़ भूमि की आवश्यकता बताई गई, लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने से यह सपना अधूरा रह गया। 15 दिसंबर 1987 को यहां स्मारक का निर्माण हुआ। 1988 में शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव की जन्मशती पर आयोजित कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों और नेताओं ने डॉ. लोहिया की स्मृति में इस स्थान का नाम 'मनोहर गांव' रखा। इसके बाद यह ऐतिहासिक स्थल धीरे-धीरे उपेक्षा की भेंट चढ़ गया।

वर्ष 2018-19 में खनिज मद से 61.30 लाख रुपये की स्वीकृति के बाद लोक यांत्रिकी सेवा (आरईएस) द्वारा परिसर का सौंदर्यीकरण कराया गया था। इसके बावजूद रखरखाव और सुरक्षा की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप नक्काशीदार पत्थर टूटने लगे, फव्वारे और बैठने की कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गईं। चबूतरे के पत्थर उखड़ गए। प्रवेश द्वार से ही बदहाली नजर आती है। परिसर में कचरे का ढेर लगा है और शौचालय भी जर्जर स्थिति में हैं।पूरा क्षेत्र खुला पड़ा है।

### टूरिस्ट मेगा सर्किट में शामिल

देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु को पर्यटन विभाग के टूरिस्ट मेगा सर्किट में शामिल किया गया था। योजना के तहत जबलपुर संभाग के ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों का विकास किया जाना था, जिसके लिए करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद करौंदी स्थित यह स्मारक बदहाली से बाहर नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मारक के समीप पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का फार्म हाउस, महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय एवं ध्यान केंद्र स्थित हैं। यहां देश-विदेश से योग साधक, शोधार्थी और भूगोल के विद्यार्थी अध्ययन एवं भ्रमण के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है।

### केन्द्र बिन्दु के खास तथ्य

1- वर्ष 1956 में डॉ. राममनोहर लोहिया की पहल पर भौगोलिक केंद्र बिंदु की खोज हुई।
2- 15 दिसंबर 1987 को स्मारक का निर्माण किया गया।
3- भौगोलिक स्थितिः अक्षांश 233048, देशांतर 801953। समुद्र तल से ऊंचाई 389.31 मीटर, औसत वार्षिक वर्षा 45.50 इंच।
4- समीप- पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का फार्म हाउस तथा महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय एवं विद्यापीठ स्थित हैं। यहां देश-विदेश से पर्यटक, योग साधक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी अध्ययन और भ्रमण के लिए पहुंचते हैं।

### शुल्क वसूली, सुविधाएं नदारद

स्मारक परिसर में प्रवेश के लिए स्थानीय लोगों से 20 रुपये और बाहरी पर्यटकों से 30 रुपये शुल्क लिया जाता है। इसके बावजूद परिसर में पीने के पानी, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पर्यटकों का कहना है कि शुल्क लेने के बावजूद यहां देखने योग्य व्यवस्थाएं नहीं हैं और स्मारक की दुर्दशा इसकी ऐतिहासिक गरिमा के विपरीत है।



## बाइक सवार दो तस्करों से पौने दो किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर 1.750 किलोग्राम गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जब्त किए गए मशरूका की कुल कीमत लगभग 1.75 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस ने ग्राम लखाखेरा हार स्थित बड़ा महादेव जंगल मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान बाइक पर जा रहे दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान निखिल लोनी (18 वर्ष) निवासी-ग्राम पिपरियाकला, थाना बरही, अभिषेक वर्मन (18 वर्ष), निवासी-ग्राम पिपरियाकला, शामिल है। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZD 7280 की तलाशी ली, तो उस पर रखे एक काले बैग के अंदर सफेद पन्नी में 1.750 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

### आरोपितों को भेजा जेल

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि यह गांजा कहां से लाया जा रहा था और इसके सप्लाई नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन आज

**कटनी।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराने हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी में मंगलवार, 14 जुलाई को प्रातः 8 बजे से सेंट एल्युमिनियम प्राइवेट लिमिटेड, भिवाड़ी (राजस्थान) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण (सभी ट्रेड), अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी, मैकेनिकल डिप्लोमा तथा बी.ई./बी.टेक. (मैकेनिकल) अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती ट्रेनी पद के लिए की जाएगी, जिसमें 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी पात्र होंगे। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आकर्षक वेतन प्रदान किया जाएगा। आईटीआई अभ्यर्थियों को 25,972 रूपये प्रति माह, डिप्लोमा धारकों को 31,744 रूपये प्रति माह तथा बी.ई./बी.टेक. अभ्यर्थियों को 34,574 रूपये प्रति माह (सीटीसी) दिया जाएगा। इसके साथ ही कैंटीन, यूनिफॉर्म, सेफ्टी शूज, मेडिकल सुविधा एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। प्राचार्य श्री मिश्रा ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, आईटीआई/डिप्लोमा/बी.ई.-बी.टेक. की मूल एवं छायाप्रति तथा पासपोर्ट आकार के फोटो लेकर निर्धारित समय पर आईटीआई कटनी के कैंपस प्लेसमेंट सेल में उपस्थित हों।

### ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम के लिए आवेदन शुरू

**कटनी।** जिले के किसानों के लिए आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का लाभ लेने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर एवं मिनी स्प्रिंकलर हेतु आवेदन प्रक्रिया 13 जुलाई से प्रारंभ कर दी गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों को सूचित किया है कि इच्छुक कृषक ई-कृषि अनुदान पोर्टल mpdage.org पर निर्धारित पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय-सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना और कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते आवेदन करें। आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी कृषि कार्यालय, कृषि विस्तार अधिकारी या संबंधित विकासखंड के कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### हादसे में दो युवक घायल

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत चाका बाईपास के आगे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकुल ठाकुर 28 निवासी भट्टा मोहल्ल, और सौरभ वंशकार 23, निवासी गड्ढा टोला घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है

## पेंशन हितग्राहियों को निर्बाध लाभ दिलाने डिजिटल जीवन प्रमाणन का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को पेंशन का लाभ निरंतर एवं बिना किसी व्यवधान के प्राप्त हो, इस उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणन का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार निगम के क्षेत्रीय अधिकारी एवं वार्डवार नियुक्त कर्मचारी अभियान को गति देते हुए पात्र हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाणन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

निगमायुक्त तपस्या परिहार ने अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा शेष बचे सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण किया जाए, जिससे किसी भी हितग्राही की पेंशन प्रभावित न हो।

उपयुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के पात्र हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) मोबाइल एप के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए क्षेत्रीय प्रभारियों, वार्ड दरोगाओं एवं प्रभारी वार्ड दरोगाओं को वार्डवार दायित्व सौंपे गए हैं तथा अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रीय प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आवंटित वार्डों में शेष पात्र हितग्राहियों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उनका डिजिटल जीवन प्रमाणन शीघ्र पूर्ण कराएं।



### कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण

**कटनी।** अनुविभागीय कृषि अधिकारी कटनी की जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण टीम द्वारा विकासखंड बड़वारा के बरही नगर में कृषि आदान विक्रेता संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें संस्थाओं के दस्तावेज स्कन्द पंजिया एवं स्टॉक का जांच की गई और बिना पीसी वाले उत्पादों के विक्रय करने वाले संस्थानों का विक्रय पर प्रतिबंध किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान बंद करके जाने वाली दुकानों को सीज कर उनसे जिला स्तर से जवाब मांगा गया है। एसडीओ कृषि श्रीमती पूनम गर्ग ने किसानों को सलाह दी कि कृषि आदानों को खरीदते समय दुकानों से बिल अवश्य प्राप्त करें और महंगे दरों पर खाद उर्वरक बेचने वाले दुकानदारों की शिकायत कृषि विभाग में करे। निरीक्षण टीम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बड़वारा आरके रावत, उर्वरक निरीक्षक रामअवतार दांगी और कृषि विस्तार अधिकारी ब्रह्मानंद परस्ते, दिलीप बारिया मौजूद रहे।

### सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण पर कार्रवाई



बरही नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 15 स्थित हीरापुर में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के मामले में की गई शिकायतों का असर आखिरकार देखने को मिला। सुनील चौधरी, पिता सुंदर चौधरी द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण के संबंध में सोमवार को नगर परिषद बरही, तहसील प्रशासन एवं थाना बरही की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की संयुक्त दल ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक राजस्व एवं प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई प्रारंभ की। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों द्वारा शासकीय भूमि, गौठान एवं सार्वजनिक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। नागरिकों ने प्रशासन द्वारा की गई इस संयुक्त कार्रवाई पर अपेक्षा जताई कि शासकीय भूमि को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा तथा भविष्य में इस प्रकार के अवैध कब्जों पर भी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## 'कैच द रैन' अभियान के तहत जल संरक्षण के किये गये प्रभावी प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा जल संचयन एवं भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के "कैच द रैन – व्हेयर इट फाल्स, व्हेन इट फाल्स" थीम के अंतर्गत नगर परिषद कैमोर द्वारा सार्थक और योजनाबद्ध प्रयास किए गए हैं। नगर निकाय क्षेत्र में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए चेक डैम निर्माण, शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक शौचालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की स्थापना, साथ ही हैंडपंप, कुओं एवं नलकूप (ट्यूबवेल) के लिए रिचार्ज पिट्स विकसित किए गए हैं।

नगर परिषद द्वारा हाल ही में शिवा नगर में ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी भी स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से उपयोग किए गए जल का उपचार कर पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल जल संसाधनों का संरक्षण हो रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक पहल देखने को मिल रही है।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और जनभागीदारी के बिना इस लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे वर्षा जल संचयन के उपाय अपनाकर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

उपाध्यक्ष संतोष केवट ने बताया कि "कैच द रैन" अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नगरवासियों से अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में जल संरक्षण उपाय अपनाने का आग्रह किया, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते के मार्गदर्शन में सभी जल संरक्षण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। उनके सतत निरीक्षण और मॉनिटरिंग के चलते सभी संरचनाएं वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर ली गईं, जिससे वर्तमान वर्षा में इनका प्रभावी उपयोग हो रहा है। यह पहल भू-जल स्तर में सुधार और जल संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**शिक्षक एप पर शिक्षकों की उपस्थिति का किया अवलोकन, दिये निर्देश**

## सीईओ ने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का लिया जायजा, मध्यान्ह भोजन की परखी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को जिले की शालाओं में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने अपने-अपने विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिक्षा की गुणवत्ता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ को सुदृढ़ करने अधिकारियों को विद्यालयों के सतत निरीक्षण करने निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर और समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का आकलन किया।



जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने हाईस्कूल चाका और कुठला का आकस्मिक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित गतिविधियों का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति का हमारे शिक्षक एप पर अवलोकन किया। सुश्री कौर ने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन चखकर स्वाद लिया और गुणवत्ता परखी। उन्होंने स्टोर रूम पहुंचकर भोजन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री को देखा। उन्होंने साफ सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह ने ग्राम चनेहटी, बहोरीबंद के सीईओ अभिषेक कुमार झा ने रैपुरा, इमलिया, पटी कला, पटोरी, गोरहा की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने झिन्ना पिपरिया और खमरिया, विजयराघवगढ़ के सीईओ ब्रतेश जैन ने कांटी, रीठी के सीईओ राजेश नरेंद्र सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला देवगांव,माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला जमुनिया,माध्यमिक शाला सैदा, प्राथमिक शाला मडीया,हाई स्कूल और माध्यमिक शाला हरद्वारा एवं अन्य ग्राम पंचायतों की शालाओं में पहुंच कर शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों और बालक बालिकाओं की उपस्थिति पंजी, छात्र-छात्राओं से संवाद कर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा, मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार बना या नहीं, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, स्व सहायता समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन तैयार कर समय पर गुणवत्ता पूर्ण स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना, खेलकूद की गतिविधियां एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं और विषयों पर गहन चर्चा कर सुधारात्मक निर्देश दिए।

**अधिकारी बने 'निक्षय मित्र', मरीजों तक पहुंचेगी पोषण और अपनत्व की सौगात**

## टीबी के विरुद्ध कटनी में दिख रही सामाजिक संवेदनशीलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसी भी बीमारी से लड़ाई केवल दवाइयों से नहीं जीती जाती, बल्कि उसके लिए पोषण, देखभाल और समाज के सहयोग की भी आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कटनी जिले में यही संवेदनशील सोच अब एक जनआंदोलन का रूप लेती दिखाई दे रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी की अभिनव पहल पर जिले के अधिकारी, कर्मचारी, उद्योगपति और विभिन्न विभाग आगे आकर 'निक्षय मित्र' बन रहे हैं और टीबी मरीजों के उपचार की राह को आसान बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प के साथ कलेक्टर आशीष तिवारी स्वयं भी 10 टीबी मरीजों के लिए पोषणयुक्त फूड बास्केट उपलब्ध कराने वाले निक्षय मित्र बने हैं। उनकी इस पहल ने प्रशासनिक अमले और समाज के विभिन्न वर्गों को भी प्रेरित किया है, जिसके परिणामस्वरूप अब टीबी मरीजों को केवल दवाइयां ही नहीं, बल्कि पोषण और आत्मीय सहयोग भी मिल रहा है।

### प्रशासन ने बढ़ाया हाथ समाज बना सहभागी

कलेक्टर की पहल से प्रेरित होकर जिले के कई विभाग और संस्थाएं इस अभियान से जुड़ रही हैं। नागरिक आपूर्ति निगम, कटनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए टीबी मरीजों के लिए 45 हजार 600 रुपये की राशि एकत्रित की है। विभाग के 38 अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं आगे आकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया है, जिससे मरीजों को पोषणयुक्त फूड बास्केट उपलब्ध कराई जाएगी। इतना ही नहीं, विभाग ने 36 टीबी मरीजों का निक्षय मित्र ऐप पर पंजीयन कराकर यह संदेश भी दिया है कि जनभागीदारी से किसी भी चुनौती का समाधान संभव है। टीबी मरीजों के उपचार और पोषण में सहयोग के लिए पंजीयन विभाग ने 42 हजार रुपये की राशि जमा कराई है। उप संचालक पशुपालन डॉ. नीता मनोचा ने भी पांच टीबी मरीजों के पोषण आहार की जिम्मेदारी उठाते हुए अभियान में सहभागिता निभाई है।

कटनी नगर और कटनी ग्रामीण तहसील ने भी आगे बढ़कर 40 टीबी मरीजों के लिए 48 हजार रुपये की राशि रोगी कल्याण समिति में जमा कराई है। यह सहयोग केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।

### कहां कितने मरीज, प्रशासन की नजर हर जरूरत पर

जिले में वर्तमान में कटनी-कन्हवारा में 136, विजयराघवगढ़ में 114, बहोरीबंद में 91, उमरियापान में 79, रीठी में 51 और बड़वारा में 40 टीबी मरीज चिन्हित किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी मरीजों के उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

'निक्षय मित्र' योजना के तहत प्रत्येक मरीज को दो माह के लिए 1200 रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें उपचार के दौरान आवश्यक पोषण मिल सके। विशेषज्ञों का मानना है कि पौष्टिक आहार और नियमित उपचार टीबी से शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कटनी में शुरू हुई यह पहल केवल प्रशासनिक अभियान भर नहीं रह गई है, बल्कि यह समाज और प्रशासन के बीच सहयोग, संवेदना और मानवता का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनती जा रही है। जब अधिकारी स्वयं मरीजों के लिए आगे आकर सहयोग करते हैं, तो यह संदेश पूरे समाज तक पहुंचता है कि बीमारी से लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की जिम्मेदारी है।

## अस्पताल गेट के पास क्षतिग्रस्त पुलिया से हादसे का खतरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



उमरियापान के अँधेली बाग तिराहा से घुघरी मार्ग पर अस्पताल गेट के पास स्थित सड़क की पुलिया क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिया की जर्जर स्थिति के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं करा पाया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया के ऊपर बनी सड़क दोनों ओर से चटक गई है और उसमें गहरी दरारें पड़ चुकी हैं। सड़क की ऊपरी परत उखड़ने से गिट्टियां बाहर निकल आई हैं, जिससे विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी जोखिम उठाना पड़ रहा है। पुलिया के पास पहुंचते ही कई वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं और गिरकर घायल हो जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अब तक दर्जनों लोग यहां दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो चुके हैं।ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क से निकली लोहे की नुकीली सरिया भी राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई है। वहीं सड़क पर बिखरी गिट्टियां वाहनों के गुजरने पर तेज गति से उछलती हैं, जिससे पैदल चलने वालों और अन्य वाहन चालकों को चोट लगने की आशंका बनी रहती है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से पुलिया की दरारें और चौड़ी होती जा रही हैं। रात के समय सड़क की खराब स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

इस संबंध में पीएम ग्रामीण सड़क परियोजना के एसई अमित गर्ग ने बताया कि अस्पताल के पास स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया की जानकारी है। आवश्यक अनुमति मिलते ही सुधार कार्य शुरू कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महापौर आज सुनेंगी नागरिकों की समस्याएं

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार आयोजित की जाने वाली महापौर जनसुनवाई के क्रम में 14 जुलाई, मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय में महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान शहर के नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, जिससे समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ एवं प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

### तालाब को पाटने की थी तैयारी, ग्रामीणों के विरोध से लौटी जेसीबी

**कटनी।** जनपद पंचायत की मझगवा पंचायत के पीछे स्थित लगभग 40 वर्ष पुराने तालाब को पाटने की कथित कोशिश को लेकर रात गांव में हंगामे की स्थिति बन गई। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब आठ से दस बजे के बीच कुछ लोग जेसीबी मशीन लेकर तालाब में मिट्टी डालने पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तालाब पाटे जाने का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों के विरोध के चलते जेसीबी मशीन और मौके पर मौजूद लोगों को वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि यह तालाब वर्षों पुराना है और गांव के लोग इसके पानी का उपयोग करते हैं। उनका आरोप है कि कुछ लोग तालाब को अपनी निजी भूमि बताकर उसे पाटने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर तालाब को सुरक्षित रखने की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### अलग-अलग स्थानों में मारपीट की हुई घटनाएं

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत कैलवारा खुर्द में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया आरती राजपाल 37 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई है कि राजेश राजपाल और सरोज राजपाल ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इसी तरह माधवनगर थाना के ग्राम लखापतेरी में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस के अनुसार पहले पक्ष से ईश्वरदीन यादव 44 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी प्रदीप यादव और धीरज यादव ने मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसी विवाद में दूसरे पक्ष से धीरज यादव 56 वर्ष ने ईश्वरदीन यादव और राजन यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। धीरज का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें रोककर गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रीठी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण, विद्यालय पहुंचकर परखी शिक्षा की गुणवत्ता

# कलेक्टर ने ली व्यवस्थाओं की टोह, लापरवाही पर दो पटवारियों को जारी किया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को परखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को विकासखंड रीठी के विभिन्न ग्रामों का आकस्मिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बिलहरी के उपतहसील कार्यालय से लेकर शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बिलहरी उप तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अतिरिक्त तहसीलदार सुश्री अनुराधा सिंह से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की और आदेशों के क्रियान्वयन का स्वयं खसरा अभिलेखों से मिलान कर सत्यापन किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम नौआपटी के एक नामांतरण प्रकरण में आदेश का सही अमल नहीं पाए जाने पर संबंधित पटवारी आशीष शर्मा के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।इसी प्रकार ग्राम कैमोरी के सीमांकन प्रकरण में नक्शा बटांकन न होने का हवाला देकर सीमांकन कार्य लंबित रखने वाले तत्कालीन पटवारी अवध मिश्रा, जो वर्तमान में कटनी शहर में पदस्थ हैं, के विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।



### विवाद नहीं तो करें कार्यवाही

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी सीमांकन प्रकरण में कोई वैधानिक विवाद नहीं है और सभी पक्षकार सहमत हैं, तो सीमांकन के दौरान ही नक्शा बटांकन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### विद्यालय का किया निरीक्षण

प्रशासनिक सख्ती के बीच कलेक्टर का एक प्रेरणादायी और संवेदनशील पक्ष भी देखने को मिला। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांधा के निरीक्षण के दौरान वे सीधे कक्षा 12वीं में पहुंचे और विद्यार्थियों के बीच शिक्षक की भूमिका निभाते नजर आए।उन्होंने अंग्रेजी विषय का पाठ पढ़ाते हुए विद्यार्थियों से पाठ पढ़वाया, उसका हिंदी में अनुवाद कराया और विषय की बारीकियों को खुद सरल भाषा में समझाया। छात्रा प्राची गुप्ता, सादिया बी तथा छात्र अभिषेक चौधरी और सतेंद्र विश्वकर्मा ने पाठ पढ़कर सुनाया, जबकि कलेक्टर ने उन्हें उच्चारण और अर्थ समझाने में मार्गदर्शन दिया।

### विद्यार्थियों से किया संवाद

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें भारतीय संविधान में वर्णित नागरिकों के मूल कर्तव्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर हाई स्कूल की विज्ञान कक्षा में पहुंचे, जहां विद्यार्थियों को पाचन तंत्र का अध्याय पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने छात्रों से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी समझ और शिक्षण की गुणवत्ता का आंकलन किया। कलेक्टर ने विद्यालय के शौचालयों और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा डिजिटल पैनल के माध्यम से संचालित अध्यापन कार्य का अवलोकन कर आधुनिक शिक्षण पद्धति की सराहना की।

# अरबों की आरसीसी सड़क की दरारों में डामर की लगाई जा रही परत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



आवागमन को सुलभ सुगम बनाए जाने के लिए अरबों रुपये की धन राशि व्यय कर सीमेंटेड सड़क का निर्माण करवाये जाने के लिए टेंडर जारी किया गया था जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग जो पहले डामरीकृत बनी थी उसे सीमेंटेड बनाये जाने के लिए अरबों रुपये की धनराशि व्यय कर सीमेंट की सड़क बनवाई गई थी जिसमे नियमानुसार एक लंबी अवधि तक सड़क सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सम्बंधित सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार की थी।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण सड़क से दिन भर ओवर लोड हाइवा, ट्रक, डम्फर एवम भारी वाहन निकलते हैं जिसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क जगह जगह से उधड़ गई है जिसकी वजह से शासकीय धन राशि का अपव्यय हुआ है।

### सड़क सीमेंटेड करवाने की जगह डामर से ढंकी जा रही

संबधित ठेकेदार की अनदेखी व मनमानी से नियमों को दरकिनार कर सीमेंटेड सड़क में जहां जहां सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है वहां सीमेंटेड करवाने की जगह डामर का लेप लगाकर खुलेआम शासन से मिलने वाली राशि को बचाया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग में कटनी से शहडोल के मध्य क्षतिग्रस्त सड़क में सुधार करवाने में सीमेंट का उपयोग नही किया गया अपितु डामर का उपयोग किया गया है। ताज्जुब की बात यह है कि इस राजमार्ग से रसूख दार जनप्रतिनिधि व बड़े ओहदे वाले प्रशासकीय अधिकारियों का रोजाना आना जाना होता है इसके बावजूद किसी को भी सड़क सुधार कार्य मे ठेकेदार द्वारा किया जाने वाला भृष्टाचार कहीं भी नजर नही आया है। जनपेक्षा कि जाति है कि सड़क सुधार कार्य में नियमों व मानकों का पालन किया जाए एवं सड़क सुधार में पारदर्शिता बनाई जाए।

शिकायतों के त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश

# दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही नहीं बरतें वरना कार्यवाही के लिये रहें तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा योजना से जुड़ी सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



बैठक में कलेक्टर ने हाल के दिनों में बारिश और आंधी की वजह से बाधित बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कटनी एक औद्योगिक जिला है, ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुचारु बनाये रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। बैठक में समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसे विषयों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नगर निगम, एमएसएमई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, राजस्व, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं से संबंधित शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बैठक में मूंग एवं उड़द उपार्जन, खाद की उपलब्धता और वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि केवल पात्र किसानों को ही ई-विकास प्रणाली से खाद उपलब्ध कराया जाए तथा सभी किसान भाईयों की फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाए।

### खाली शासकीय भवनों के उपयोग के निर्देश

कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाली पड़ी शासकीय इमारतों का समुचित उपयोग किया जाए, जिससे बच्चों के शैक्षणिक कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। सांदीपनी स्कूलों के मर्जर के बाद उपलब्ध भवनों का भी प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रोजगार शिविर में 48 युवाओं का हुआ चयन



सोमवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में विशेष रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित इस शिविर में निजी क्षेत्र की कंपनी एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड, सिंगरौली ने विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न की। इस शिविर में विकासखंड ढीमरखेड़ा के 145 बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन कराया। चयन प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा एवं अन्य चरणों के बाद 48 युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही जॉइनिंग लेटर प्रदान किए गए, जिससे युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें भाग लिया और चयनित अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय से अनिल कुमार तिवारी तथा एनआरएलएम से सुश्री जया कोष्ठी का विशेष योगदान रहा। जिला रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा ने युवाओं से अपील की है कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले रोजगार शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

# निगमायुक्त ने अधिकारियों को दी हिदायत प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही नहीं बरतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम की आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने विभिन्न विभागों में लंबित सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष रूप से 50 दिवस एवं उससे अधिक अवधि से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निगमायुक्त ने निगम की साफ-सफाई, सीवरेज, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सिविल, अतिक्रमण राजस्व, एन.यू.एल.एम, यांत्रिकी प्रकोष्ठ की लंबित शिकायतों हेतु संबंधित लेबल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों में लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी सी.एम. हेल्पलाइन शिकायत को नॉट अटेंडेड की स्थिति में नहीं रहने दिया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए।

निगमायुक्त ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बहु विभागीय शिकायतों के त्वरित निराकरण पर भी बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिना उचित कारण शिकायतों को एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित करने अथवा अनावश्यक विलंब करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्पष्ट किया कि सी.एम. हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा 50 दिवस एवं उससे अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना नगर निगम की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें।

### पिछले साल की तुलना में इस साल 62.4 फीसदी कम बारिश

**कटनी।** जिले में 1 जून से 13 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले आलोच्य



अवधि के दौरान जिले में 523.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान स्लीमनाबाद तहसील में रिकार्ड 667.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 146.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367.4 मिमी तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ननि के साथ ही जोन कार्यालय में हो रहे समग्र आई.डी. के कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आम नागरिकों को समग्र आई.डी. से संबंधित सेवाएं अधिक सुलभ, सरल एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी ने महत्वपूर्ण पहल की है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार अब नगर निगम कार्यालय स्थित समग्र केन्द्र के साथ-साथ जोन कार्यालय क्रमांक-2 दुर्गा चौक खिरहनी तथा जोन कार्यालय क्रमांक-4 माधवनगर में भी समग्र आई.डी. से संबंधित सेवाएं प्रदान की जा रही है।

उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि इस व्यवस्था से नागरिक अब अपने नजदीकी जोन कार्यालय में ही समग्र आई.डी. बनवाने, संशोधन कराने तथा अन्य आवश्यक कार्य आसानी से करा सकेंगे। समग्र आई.डी. संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जोनवार कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

### ताकि मिल सके सेवाओं का लाभ

उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय सेवाएं उनके नजदीक और अधिक सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य के तहत समग्र आई.डी. सेवाओं का विकेंद्रीकरण किया गया है, ताकि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी असुविधा के त्वरित सेवाओं का लाभ मिल सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समग्र आई.डी. से संबंधित सेवाओं के लिए अपने निर्धारित जोन कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय स्थित समग्र केन्द्र का ही उपयोग करें। इससे अनावश्यक आवागमन कम होगा, समय की बचत होगी तथा समग्र आई.डी. से जुड़े कार्य अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपादित किए जा सकेंगे।

सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान से जोड़ने के प्रयास जारी

# डिब्बा प्रणाली, जैविक खाद निर्माण और कचरा पृथक्करण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर शहर के निर्माण में जनभागीदारी को सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आईईसी टीम के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस श्रृंखला में सोमवार को आयोजित अभियान के दौरान घर-घर पहुंचकर नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, जैविक खाद निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने लोगों से दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने और नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 9 महात्मा गांधी वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 14 राजीव गांधी वार्ड में नागरिकों को चार डिब्बा प्रणाली के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कचरे का वैज्ञानिक ढंग से पृथक्करण करने की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि स्त्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण न केवल स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि पुनर्चक्रण एवं सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाता है। इसी दौरान वार्ड स्थित लाल बिल्डिंग के समीप नालियों की विशेष साफ.सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाया गया।

### यहां चला अभियान

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 11 जगमोहनदास वार्ड स्थित गुप्ता गली में व्यापक स्वच्छता जन जागरूकता अभियान चलाया गया। आईईसी टीम ने स्थानीय रहवासियों से संवाद स्थापित करते हुए सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने तथा अपने आसपास के वातावरण को साफ.सुथरा रखने का संदेश दिया। नागरिकों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### कचरे का करें उचित प्रबंधन

वहीं वार्ड क्रमांक 12 में आईईसी टीम ने सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत रहवासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच के गहरे संबंध से अवगत कराया। टीम ने घर-घर जाकर जैविक कचरे से घर पर ही जैविक खाद तैयार करने की सरल प्रक्रिया समझाई तथा गीले और सूखे कचरे को अलग.अलग रखने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। नागरिकों को बताया गया कि कचरे का उचित प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ शहर को स्वच्छ और रोग मुक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अपनी दिनचर्या बनाये

नगर पालिक निगम कटनी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे कचरा पृथक्करण, नियमित स्वच्छता, जैविक खाद निर्माण तथा पर्यावरण हितैषी व्यवहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। निगम का मानना है कि प्रशासन और नागरिकों के साझा प्रयासों से ही कटनी को स्वच्छ स्वस्थ, सुंदर एवं आदर्श शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

# ट्रेनों में यात्रियों के साथ जबरन वसूली करने वाले चार किन्नरों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रेनों में सफर कर जबलपुर और नरसिंहपुर रूट पर यात्रियों से जबरन वसूली करने वाले एक गिरोह का रेलवे सुरक्षा बल ने भंडाफोड़ किया है। जबलपुर रेल मंडल में यात्रियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कटनी के गायत्री नगर निवासी 4 किन्नरों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह और आरक्षक हरिकेश दुबे की टीम ने स्टेशनों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर 'कटनी छोर' की तरफ यह गिरोह यात्रियों को डरा-धमकाकर पैसे वसूल रहा था। टीम ने घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया। इनके पास से यात्रियों से वसूली गई नकदी भी बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पकड़े गए सभी आरोपी मूल रूप से कटनी जिले के गायत्री नगर के रहने वाले हैं। इन्होंने कुबूल किया कि ये गायत्री नगर की हेमा किन्नर के चेले हैं। इनका रोजाना का रूट कटनी से शुरू होता था। ये कटनी से ट्रेन पकड़कर जबलपुर, नरसिंहपुर और पिपरिया तक जाते थे।

ट्रेनों में यात्रियों से जबरन पैसे मांगना, मना करने पर अश्लील हरकतें व अभद्रता करना और विवाद होने पर हाथापाई पर उतारू हो जाना इनका मुख्य पेशा बन चुका था।

आरपीएफ ने जिनको गिरफ्तार किया है उनमें लीजा (22 वर्ष, निवासी गायत्री नगर, कटनी, नैंसी 23 वर्ष, निवासी- गायत्री नगर, कटनी, तानिया 27 वर्ष, निवासी- गायत्री नगर, कटनी, रीना 26 वर्ष, निवासी- गायत्री नगर, कटनी शामिल है।

आरपीएफ ने चारों आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 145 और 147 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। रेलवे पुलिस का कहना है कि कटनी और जबलपुर रेल खंड पर यात्रियों को परेशान करने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी कड़ाई से जारी रहेगा ताकि यात्री निर्भीक होकर सफर कर सकें।

**खबर संक्षेप**

## आउटसोर्स कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य

**दमोह।** विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों / श्रमिकों को नियोजन के संबंध में नियुक्ति पत्र प्रदाय नहीं किये जाते है। नियुक्ति पत्र श्रमिक को प्रदाय नहीं किया जाना श्रम कानूनों का उल्लंघन है जिसकी जिम्मेदारी शासकीय विभाग (प्रमुख नियोजक) एवं संबंधित एजेंसी दोनों की है। श्रम पदाधिकारी ने बताया आपके विभाग में कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी को निर्देशित करने का कष्ट करे कि उनके द्वारा आपके कार्यालय में नियोजित किये गये आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमानुसार नियुक्ति पत्र प्रदाय किये जाये।

## पेंशन के लिए पांच माह से भटक रहा सेवानिवृत्त शिक्षक, परिवार पर भरण-पोषण का संकट

**पन्ना।** जिले के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों को समय से पेंशन मिलना उनका कानूनी अधिकार है। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की उदासीनता के कारण एक शिक्षक दाने-दाने को मोहताज है। बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षक खुद अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय, कुड़ार संकुल केन्द्र मनहर पन्ना में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत रहे मुन्ना लाल मिश्रा 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे। नियमानुसार सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद पेंशन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन आज लगभग पांच महीने बीत जाने के बाद भी उनकी पेंशन शुरू नहीं हो सकी है। पेंशन न मिलने के कारण मुन्ना लाल मिश्रा का पूरा परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि उनकी वृद्ध माता जी की दवाइयां और इलाज पैसों के अभाव में पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जीवन भर समाज को शिक्षित करने वाले शिक्षक के सामने आज अपनी बुजुर्ग मां के इलाज के लिए संकट खड़ा हो गया है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग तथा प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है पीड़ित शिक्षक के परिजनों का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। महीनों से फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल पर घूम रही हैं, लेकिन इस मानवीय समस्या पर किसी भी जिम्मेदार का दिल नहीं पसीज रहा है। एक तरफ सरकार बुजुर्गों और कर्मचारियों के सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रताड़ित होना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध वर्ग ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल पेंशन चालू की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को इस मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

## शराब का अड्डा बनीं बेनी सागर की चौपाटी

**पन्ना।** नगर को जब से पवित्र नगर घोषित किया गया है तथा नगर की शराब दुकानें नगर के बाहर की गई है तब से और अधिक शराब की अवैध बिक्री जोरों पर चल रही हैं गली-गली मोहल्ला मोहल्ला में शराब लोगों को उपलब्ध हो रही है मोबाइल पर एवं होम डिलीवरी के रूप में अवैध शराब लोगों को मिल रही है अब सरेआम शराबी दिनदहाड़े गली मोहल्ले में बैठकर शराब पी रहे हैं नगर पालिका द्वारा बेनी सागर तालाब को खूबसूरत एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से एक करोड़ 36 लाख की राशि से निर्माण कार्य जा रहा है लेकिन उक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही नगर पालिका द्वारा बनाई गई दीवार के ऊपर बैठकर शराबी सरे आम शराब के जाम छलका रहे हैं। नगर के मंदिरों विद्यालय में तथा अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास शराब की महफिल इंग प्रतिदिन सजती हैं अंडा की दुकान भी गली-गली में खुल गई है जिससे आम लोगों एवं श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी हो रही है आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग का कमीशन तय है इसलिए इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

5 वर्ष तक के बच्चों की होगी स्वास्थ्य जांच

# आज से सेहत और सुरक्षा के लिए घर-घर दी जाएगी दस्तक

### ओआरएस, जिंक, विटामिन-ए एवं आईएफए की खुराक निःशुल्क दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बच्चों को दस्त, निमोनिया एवं अन्य बाल्यकालीन बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज से प्रदेशव्यापी 'दस्तक अभियान' की शुरुआत की जा रही है जो 31 अगस्त तक 33 कार्य दिवसों में संचालित किया जाएगा। जिले में अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त दल घर-घर जाकर पाँच वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेंगे तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएंगे।

### घर-घर पहुंचकर होगी बच्चों की स्वास्थ्य जांच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने बताया कि वर्षा ऋतु में स्वच्छता की कमी के कारण दस्त एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए गठित दस्तक दल पाँच वर्ष तक के बच्चों वाले घर में जाकर बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करेंगे। बच्चों का तापमान, श्वसन दर, नाड़ी दर सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरत पड़ने पर समुचित उपचार एवं प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि जिले में 5 वर्ष तक के 1,11,061 डिजिटाइज्ड बच्चों को अभियान से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियाँ निःशुल्क वितरित की जाएँगी। साथ ही निर्धारित मानकों के अनुसार विटामिन-ए एवं आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की खुराक भी दी जाएगी, जिससे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके।

**परिजनों से सहयोग की अपील**

डॉ. चौहान ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि जब स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त दल उनके घर पहुँचे, तब पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएँ तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी सही एवं पूर्ण जानकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराएँ। इससे बीमारियों की समय पर पहचान एवं उपचार संभव हो सकेगा।

## घर बैठे डाउनलोड करें आयुष्मान ई-कार्ड

**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अब अपना आयुष्मान ई-कार्ड प्राप्त करने के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। National Health Authority द्वारा विकसित आयुष्मान ऐप के माध्यम से पात्र हितग्राही घर बैठे ही अपना आयुष्मान ई-कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित एवं पूर्णतः निःशुल्क है। आयुष्मान ऐप का उपयोग करने के लिए सबसे पहले मोबाइल में ऐप डाउनलोड करें। इसके बाद PM&JAY के अंतर्गत 'ई-कार्ड' विकल्प का चयन करें। आधार आधारित OTP अथवा फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से सत्यापन करें। सत्यापन पूर्ण होने पर 'डाउनलोड कार्ड' विकल्प पर क्लिक करते ही आयुष्मान ई-कार्ड आपके मोबाइल में उपलब्ध हो जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को सूचीबद्ध शासकीय एवं अनुबंधित निजी अस्पतालों में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसलिए जिन पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है अथवा जिन्हें ई-कार्ड डाउनलोड करना है, वे आयुष्मान ऐप का उपयोग कर सकते हैं। आवश्यकता होने पर निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला चिकित्सालय से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

चिकित्सकों ने समय पर टीकाकरण कराने की दी सलाह

# रेबीज से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर के निवासी वृंदावन विश्वकर्मा (गुड्डू भैया) 50 वर्ष का रेबीज संक्रमण के कारण रविवार देर रात निधन हो गया। वृंदावन विश्वकर्मा शासकीय ठेकेदार थे साथ ही बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति थे उनका इस तरह से दुनिया से चले जाना नगर के लोगों को दुखी कर गया। यह घटना लोगों के लिए गंभीर चेतावनी है कि पागल अथवा संदिग्ध कुत्ते के काटने, पंजा मारने या झपटने की घटना को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय पर रेबीज रोधी टीका नहीं लगवाने की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। जानकारी के अनुसार वृंदावन विश्वकर्मा जबलपुर में अपने व्यवसाय के सिलसिले में रह रहे थे। लगभग तीन माह पहले एक सुबह वे घर का मुख्य द्वार खोलकर बाहर निकलते समय एक संदिग्ध कुत्ता उन पर झपटा। उन्होंने हाथ से कुत्ते को दूर कर दिया और तुरंत घर के भीतर चले गए। बाद में उन्होंने शरीर पर किसी खरोंच या घाव की जांच की, लेकिन कोई स्पष्ट चोट दिखाई नहीं देने पर घटना को गंभीरता से नहीं लिया। चूंकि कुत्ते ने उन्हें काटा नहीं था, इसलिए उन्होंने चिकित्सकीय सलाह भी नहीं ली और रेबीज रोधी टीकाकरण भी नहीं कराया। करीब ढाई माह बाद उनके एक हाथ में दर्द शुरू हुआ। पांच दिन पहले वे जबलपुर के एक चिकित्सक के पास पहुंचे, जहां जांच के दौरान रेबीज संक्रमण की आशंका जताई गई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि कुत्ते ने काटा नहीं था, लेकिन कुछ माह पहले उन पर झपटा था। इसके बाद उन्हें मेडिकल अथवा विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि रेबीज के लक्षण प्रकट होने के बाद इस बीमारी का प्रभावी उपचार संभव नहीं होता। इसके बाद उनकी हालत तेजी से बिगड़ती चली गई और सोमवार रात लगभग 12 बजे उनका निधन हो गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराया उसके बाद सोमवार को तेंदूखेड़ा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा के सीबीएमओ डॉ. अशोक बरोनिया ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को संदिग्ध या पागल कुत्ता काट ले, पंजा मार दे या झपटने के दौरान उसकी लार शरीर की खरोंच, घाव अथवा त्वचा के संपर्क में आ जाए, तो 24 घंटे के भीतर रेबीज रोधी इंजेक्शन अवश्य लगवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार कुत्ता काटता नहीं है, लेकिन उसके पंजे या लार के माध्यम से भी वायरस शरीर में प्रवेश कर सकता है। यदि समय रहते टीकाकरण नहीं कराया गया और बाद में रेबीज के लक्षण विकसित हो गए, तो वर्तमान में इसका कोई प्रभावी उपचार उपलब्ध नहीं है। डॉ. बरोनिया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज रोधी इंजेक्शन 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न करते हुए घटना के तुरंत बाद अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेना और टीकाकरण कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कुत्ते के काटने, पंजा लगने या संदिग्ध संपर्क की किसी भी घटना को हल्के में न लें, क्योंकि समय पर लगाया गया रेबीज रोधी टीका ही इस घातक बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## बाइक के पहिए में फंसी साड़ी, दवा लेने जा रही बुजुर्ग महिला सड़क पर गिरी



### पन्ना जिले में दवा लेने जा रही 65 वर्षीय बृज रानी आदिवासी की साड़ी का पल्लू चलती बाइक के पहिए में फंस गया

**पन्ना।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्राम पाठा निवासी बृज रानी आदिवासी अपने नाती के साथ बाइक पर सवार होकर खुजली की दवा लेने रक्सेहा जा रही थीं। रास्ते में बुलखुरा के पास उनकी साड़ी का पल्लू अचानक बाइक के पहिए में फंस गया। इससे तेज झटका लगा और महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ीं। जानकारी के अनुसार, ग्राम पाठा निवासी 65 वर्षीय बृज रानी आदिवासी, पति निर्भय सिंह, अपने नाती विक्रम के साथ बाइक से रक्सेहा जा रही थीं। बुलखुरा के समीप पहुंचते ही उनकी साड़ी का हिस्सा बाइक के पहिए में उलझ गया। साड़ी फंसते ही महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके सिर, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला की सहायता की। स्थानीय लोगों की मदद से बृज रानी आदिवासी को तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना ले जाया गया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। इस दुर्घटना के दौरान राहत की बात यह रही कि बाइक का संतुलन पूरी तरह नहीं बिगड़ा और वह अनियंत्रित होकर नहीं पलटी। यदि बाइक पलट जाती तो उसे चला रहे नाती विक्रम भी गंभीर हादसे का शिकार हो सकते थे। फिलहाल महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि घटना के बाद क्षेत्र में इस हादसे की चर्चा बनी हुई है। यह घटना दोपहिया वाहन पर यात्रा करते समय ढीले कपड़ों और विशेष रूप से साड़ी पहनने के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता की भी याद दिलाती है।

## फरार आरोपी पर सात हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट के दमोह जिले अंतर्गत 01 स्थाई वारंटी एवं 01 प्रकरण में फरार आरोपी पर 07 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने उच्च न्यायालय जबलपुर के CRA NO. 174/2012 में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी दशरथ पिता धनुआ अहिरवार उम्र 26 वर्ष (अब 40 वर्ष) पर 05 हजार रूपये का इनाम तथा महिला थाना दमोह के अपराध क्रमांक 14/26 धारा 65 (2), 64(2) (f), 64(2) (m), 351(3) बीएनएस, 5m, 51, 5n/6, 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत फरार आरोपी सुरेश काछी पिता कनई ऊर्फ टेडे काछी उम्र 36 साल निवासी ग्राम पिपरिया छक्का थाना पथरिया जिला दमोह पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी फरार आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम मान्य होगा।

## डिप्टी कलेक्टर को जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

दमोह । जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह का कार्य संतोषप्रद नहीं होने तथा प्रशासकीय कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति को अपने कार्य के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, दमोह का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक सौपा गया है।

## खामखेड़ा में एक ही परिवार के चार सदस्य उल्टी-दस्त से बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ग्राम खामखेड़ा में एक ही परिवार के चार सदस्यों के अचानक उल्टी-दस्त से बीमार होने का मामला सामने आया है। सभी को परिजनों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक की निगरानी में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उपचाररत मरीजों में सतीश सेन (22 वर्ष) पिता परमलाल सेन, सुषमा सेन (40 वर्ष) पत्नी परमलाल सेन, आराधना सेन (20 वर्ष) पत्नी सतीश सेन तथा रानू सेन (17 वर्ष) पिता परमलाल सेन शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि रविवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने घर पर दाल-चावल का भोजन किया था। इसके बाद सोमवार सुबह एक-एक कर चारों को उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बना, हालांकि गांव के अन्य लोगों ने बताया कि फिलहाल यह समस्या केवल इसी परिवार तक सीमित है। ग्रामीणों के अनुसार पूरे खामखेड़ा गांव में किसी अन्य व्यक्ति में उल्टी-दस्त जैसी शिकायत सामने नहीं आई है और गांव में किसी प्रकार के संक्रमण या सामूहिक बीमारी जैसी स्थिति नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

चिकित्सकों ने लोगों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, ताजा एवं स्वच्छ भोजन करने तथा उबला या शुद्ध पेयजल का उपयोग करने की सलाह दी है। साथ ही, उल्टी-दस्त जैसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की गई है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार मामला भोजन के बाद उत्पन्न हुई स्वास्थ्य समस्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि बीमारी के वास्तविक कारणों की पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी।

51 पौधरोपण सहित विविध सेवा कार्य आयोजित

## तेन्दूखेड़ा में विहिप–बजरंग दल का सेवा सप्ताह संपन्न




**तेन्दूखेड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा 5 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले कार्यक्रमों के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मठ-मंदिरों एवं नदी घाटों की स्वच्छता, पौधरोपण तथा धर्म, राष्ट्र, गौ-रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण का संकल्प लिया गया। सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष विदित सिंह तौमर, प्रखण्ड मंत्री उदय सेन एवं प्रखण्ड संयोजक तेजी सिंह लोधी के नेतृत्व में हरई ग्राम स्थित श्री हनुमान मड़िया परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया तथा पौधों की सुरक्षा के लिए अस्थायी सुरक्षा घेरे भी बनाए गए। इस अवसर पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष मनीष साहू, सह मंत्री राजेश केवट, सह संयोजक मोनू गोप, विशेष संपर्क प्रमुख सिद्धार्थ मोदी, धर्म प्रसार प्रमुख लक्ष्मण यादव, गौ-रक्षा प्रमुख लक्ष्मण घोषी, सेवा प्रमुख वीरू महोबिया, बलोपासना प्रमुख सौरभ घोषी, नगर उपाध्यक्ष परषोत्तम रजक, आदित्य खटीक, राजवीर घोषी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन द्वारा सेवा सप्ताह के दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुल 51 पौधों का रोपण किया गया। भटरिया एवं पठाघाट मुक्तिधामों के साथ तारादेही, बगदरी तथा अन्य ग्राम समितियों के सहयोग से निर्धारित लक्ष्य पूर्ण किया गया। संगठन ने बताया कि पूर्व वर्षों में लगाए गए लगभग 50 प्रतिशत पौधे वर्तमान में सुरक्षित हैं और वृक्ष का स्वरूप ले रहे हैं। सेवा बस्ती में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 73 पंजीकृत मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच, स्वास्थ्य परामर्श तथा निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। संगठन ने कहा कि "सेवा, सुरक्षा और संस्कार" उसके कार्य का मूल ध्येय है तथा "सेवा ही संगठन का मूलमंत्र" मानते हुए समाजहित के ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## अवैध रेत परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, बालू से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**अजयगढ़।** वन विभाग अजयगढ़ ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धवारी बीट के कक्ष क्रमांक पी-190 स्थित बजरंग पुल नाला से बालू से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जुलाई 2026 को धवारी बीट क्षेत्र में गश्त के दौरान विभागीय अमले ने कुछ लोगों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए देखा। वन अमले को मौके पर पहुंचता देख संबंधित व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद विभाग ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई की। बताया गया कि जब वन विभाग की टीम जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को कार्यालय अजयगढ़ लेकर आ रही थी, तभी रास्ते में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन को छुड़ाने का प्रयास किया। हालांकि वन अमले ने सतर्कता और मुस्तैदी दिखाते हुए वाहन को सुरक्षित कार्यालय पहुंचाया तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की। इस मामले में वन अपराध क्रमांक 25871/6, दिनांक 13 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी परिक्षेत्र सहायक अजयगढ़ ओमकार नाथ मिश्रा ने किया। इस दौरान अजयगढ़ रेंजर अजय बाजपेई के निर्देशन में प्रतीक तिवारी, अनिल राजपूत, अंकुर खरे, शिवप्रसाद गुप्ता, वन रक्षक, सुरक्षा श्रमिक एवं अन्य वन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अमानगंज अस्पताल की बदहाली पर कांग्रेस का बड़ा हमला, 14 जुलाई को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक निकाली जाएगी यात्रा

**अमानगंज।** नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कथित बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। थाना परिसर के सामने स्थित जटाशंकर रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने संयुक्त रूप से सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि अमानगंज का सरकारी अस्पताल आम लोगों को बेहतर इलाज देने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम भगत सोनी, धूराम चौधरी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। 108 एंबुलेंस सेवा, शव वाहन, विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना था कि गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना या अन्य स्थानों के लिए रेफर कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान ने आरोप लगाया कि अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से स्थापित एक्स-रे मशीन होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण उसका समुचित लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने से सामान्य फ्रैक्चर के मरीजों तक को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। वहीं प्रसव पीड़ा से अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को भी पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण रेफर किए जाने का आरोप लगाया गया।




ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में जहरीले सांपों के काटने और आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ जाती हैं, लेकिन अस्पताल में एंटी-स्नेक वेनम और एंटी-रेबीज जैसी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता पर भी गंभीर सवाल खड़े हैं। उनका कहना था कि ग्रामीण अंचल की बड़ी आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन यहां आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं तक सुनिश्चित नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते अब जनता की आवाज बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरना मजबूरी बन गई है। इसी क्रम में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार इस आंदोलन में जिला कांग्रेस प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र की जनता से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि अमानगंज की जनता के बेहतर स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, एंबुलेंस, शव वाहन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## बिना विस्फोटक लाइसेंस पेट्रोल-डीजल बिक्री पर बड़ी कार्रवाई

# 33 पेट्रोल पंपो पर जनसुरक्षा को लेकर वैध लाइसेंस नही, जारी किए गए नोटिस

### प्रत्येक पेट्रोल पंप पर निःशुल्क हवा, पेयजल और शौचालय जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में पेट्रोल पंपों पर लगातार किए जा रहे आकस्मिक निरीक्षण में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना वैध विस्फोटक लाइसेंस के पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण और विक्रय करने वाले चार पेट्रोल पंपों को सील कर दिया है। वहीं 33 पेट्रोल पंप संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही इंडियन ऑयल कंपनी के जबलपुर स्थित रीजनल अधिकारी से भी जवाब-तलब किया गया है।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि निरीक्षण में पाया गया कि कई पेट्रोल पंप बिना विस्फोटक लाइसेंस अथवा लाइसेंस के नवीनीकरण के ही पेट्रोल और डीजल का भंडारण एवं विक्रय कर रहे थे। यह न केवल विस्फोटक अधिनियम और संबंधित नियमों का उल्लंघन है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय भी है। इसी के मद्देनजर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होने कहा इंडियन ऑयल कंपनी के रीजनल अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि बिना वैध लाइसेंस वाले पेट्रोल पंपों को ईंधन उपलब्ध कराया जाना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने कहा कंपनी की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रदेशभर में ऐसे मामलों की समीक्षा की जा रही है तथा दमोह जिले के सभी 33 पेट्रोल पंपों के लिए विस्फोटक लाइसेंस हेतु आवेदन तत्काल करा दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा जिस अवधि में संबंधित पेट्रोल पंपों के पास वैध लाइसेंस नहीं था, उस दौरान पेट्रोलियम पदार्थों का भंडारण और विक्रय किया जाना दंडनीय अपराध है। इसलिए संबंधित संचालकों और कंपनी की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों से शासन के नियमों का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुए कहा वैध लाइसेंस प्राप्त होने के बाद ही संचालन करें। साथ ही प्रत्येक पेट्रोल पंप पर निःशुल्क हवा, पेयजल और शौचालय जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित किया जायें। भविष्य के निरीक्षणों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कलेक्टर के निर्देश पर 4 पेट्रोल पंप सील दो के विरुद्ध कंपनी को भेजी गई रिपोर्ट

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर जिले में पेट्रोल पंपों की जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। जांच के बाद चार पेट्रोल पंपों को सील कर दिया गया, जबकि दो अन्य पेट्रोल पंपों के विरुद्ध संबंधित तेल कंपनियों को कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन भेजा गया।सील किए गए पेट्रोल पंपों में श्री ठाकुर पेट्रोलियम (नरसिंहगढ़), श्री विनायक किसान सेवा केंद्र (बनवार), हजारी पेट्रोल पंप (हटा) तथा एम.के. राय किसान सेवा केंद्र (चिलौद) शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जांच एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### खान पान बिगडा तो खानदान बिगडाः विराग कीर्ती उपाध्यायजी

**पथरिया।** भगवान महावीर स्वामी ने अपनी दिव्य देशाना में कहा था कि हर आत्मा के अंदर परमात्मा बनने की योग्यता है, बहिरात्मा ही एक दिन अंतरात्मा व परमात्मा पद को प्राप्त करता है इसलिए किसी भी जीव की हीन नही समझना चाहिये उक्त उद्गार प.पू.विराग कीर्ती उपाध्याय श्री 108 विशेषसागर जी मुनिराज ने श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बडा मंदिर पथरिया मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा। आगे कहा कि जैसा खावे अन्न वैसा होवे मन अर्थात अन्न का प्रभाव मन पर पडता है यदि हम शुद्ध भोजन करेंगे तो हमारा भाव परिणाम भी पवित्र होगा अच्छा होगा,आज खान-पान बिगड गया इसलिये खानदान भी बिगड गया, घर मे बड़ों के प्रति मान -मर्यादा खत्म हो गया शुद्ध भोजन अमृत का व अशुद्ध भोजन विष का कार्य करता हे ऐसा पुराणों में कहा है नगर गौरव प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज हमेशा कहते थे सच्चे संत आहार मे स्वाद का नही शुद्धी का ध्यान रखते है, दो प्रकार के व्यक्ति होते हे पहले वे है जो जीने के लिए धर्म साधना संयम की आराधना व मोक्ष मार्ग में गमन करने के लिए शुद्ध प्रासूक दिन मे एक बार 46 प्रकार के दोषो को टालकर 32 अंतराय का पालन करते हुए आहार लेते है दुसरे वे है जो खाने के लिए जीते है। श्रातव्य हो की पथरिया वासियों के सातिशय पुण्योदय से प.पू. उपाध्याय श्री 108 विशेष सागर जी मुनिराज का 30 वाँ विरागमय विशेष पावन वर्षायोग कराने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है एक अगस्त 2026 को मंगल कलश स्थापना रखा गया है।

### बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी ने जिले के 02 अनावेदकों पर 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर जिले की तहसील दमयंती नगर बरंडा नया बाजार नं.-1 निवासी अनावेदक सोनू जैन पिता अजीत जैन तथा तहसील जबेरा के नोहटा स्टार नगर निवासी प्रकाश नेमा पिता स्व. चंद्रभान नेमा द्वारा बिना खाद्य लायसेंस के दुकान संचालित करने का दोष सिद्ध होने के आरोप में 25-25 हजार रूपये के मान से अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया है कि अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जाय । अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी।

### 14 खाद दुकानों में मिली अनियमित्तायें, 10 के लाईसेंस निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के खरीफ फसल को दृष्टिगत रखते हुये सभी किसानों को खाद मिले पर्याप्त खाद उपलब्ध होने की सूचना किसानों को जारी की है। उन्होने कहा कि किसानों को खाद एक वर्ष के लिये जीरो ब्याज दर पर उपलब्ध है। किसान टोकन लेकर अपना खाद प्राप्त कर सकते है। सभी को सही दाम पर गुणवत्ता पूर्वक खाद मिले इसके लिये खाद बीज विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण जारी है। अभी 38 दुकानों का निरीक्षण कराया गया है जिसमें 14 में अनियमितता पाई नही है। 10 के लाईसेंस निलंबित कर दिये गये है। एक पर पहले एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है, शेष तीन पर मामला दर्ज कराया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो गायों को रौंदा

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा स्टेट हाईवे से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। नोहटा बस स्टैंड स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास देर रात करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार 22 चक्का ट्रक ने सड़क पर बैठी दो गायों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और चालक के नशे में होने की आशंका भी जताई जा रही है। वहीं, सड़क किनारे फैली गिट्टी-पत्थर जैसी अव्यवस्था को भी हादसे का एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नोहटा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इधर, बजरंग दल नोहटा खंड के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए मृत गायों को सड़क से हटवाकर उनका अंतिम संस्कार कराया। इस कार्य में लकी जैन द्वारा जेसीबी मशीन से निःशुल्क सहयोग दिया गया। गौरतलब है कि इसी स्थान पर यह दूसरी बड़ी घटना है। क्षेत्र में आवारा मवेशियों की समस्या, सड़क पर अव्यवस्था और नशे में वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां लगातार हादसों को न्योता दे रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर सख्त निगरानी, यातायात नियंत्रण और ठोस व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ दमोह आगमन

### विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने जगह जगह किया भव्य स्वागत

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का प्रथम दमोह आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का रामनाथ पिपरिया तिगड्डा से दमोह जिले में प्रवेश किया। इसके बाद जिले के विभिन्न स्थानों पर समाजों द्वारा स्वागत, माल्यार्पण, युवा संवाद, हितग्राही सम्मेलन एवं कार्यकर्ता बैठकों का कार्यक्रम निर्धारित है। दमोह आगमन के साथ एकलव्य विश्वविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा, महात्मा गांधी जी की प्रतिमा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, तंदुपरांत भाजपा कार्यालय में स्वागत एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक में सम्मिलित हुए जहां विभिन्न समाजों की प्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे , दमोह सांसद राहुल सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, अरुण तिवारी, जिला पदाधिकारी गण, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गण मंचासीन रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन की मजबूत कड़ी है और पवन पाटीदार जी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होकर जनहित के कार्यों को गति देगा।



दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित होती है। सभी कार्यकर्ता समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। पिछड़ा वर्ग मोर्चा नव नियुक्त जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन प्राप्त कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाऊंगा। शीघ्र ही जिले का प्रवास कर नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन करूंगा। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के निवास पर मुलाकात कर चर्चा की तथा जनप्रतिनिधि सम्मेलन में जनप्रतिनिधि से भेंट की एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल मंत्री के निवास पर हितग्राही सम्मेलन हुआ।

## पुलिस ने पकड़ी 19 पेटी अवैध शराब

**तारादेही।** रविवार देर-रात भगवती मानव कल्याण संगठन की सूचना पर तारादेही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब से भरी एक कार जब्त की गई है। हालांकि कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी पुलिस तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, भगवती मानव कल्याण संगठन के तारादेही सेक्टर के कार्यकर्ताओं ने शनिवार रात बम्होरी तिगड्डा क्षेत्र में एक संदिग्ध सफेद रंग की कार में अवैध शराब ले जाए जाने की सूचना तारादेही पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और हुंडई वरना कार क्रमांक MP 09 CE 2550 जो इंदौर पासिंग की है। तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े ने बताया



कि वाहन से 19 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.24 लाख रुपये है। साथ ही लगभग 3 लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त कर ली गई है पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34(2) के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी तथा इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## वन विभाग की कार्रवाईः सागौन की लकड़ी से लदी गाड़ी व 6 साइकिलें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मानसून आते ही वन माफिया और शिकारी सक्रिय हो जाते हैं और घने जंगलों में मानसून के दौरान आवागमन कम होने का फायदा उठाकर वन माफिया हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे और इमारती लकड़ी की तस्करी तेजी से बढ़ रही इसी बीच तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हाथीडोल बीट भाग 2 में रविवार की रात करीब 10 बजे गश्त के दौरान वन विभाग ने लकड़ी तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए सागौन की बहुमूल्य लकड़ी से लदी 6 साइकिलें जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान वन अमले को आता देख लकड़ी चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने



बताया कि विभाग को रात्रि में सूचना मिली थी कि हाथीडोल वन बीट भाग 2 में कुछ लोग अवैध रूप से सागौन की लकड़ी ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उनके नेतृत्व में वन विभाग का दल तत्काल रात्रि गश्त पर रवाना हुआ। वन अमले की मौजूदगी का आभास होते ही लकड़ी चोर अपनी साइकिलें और उन पर लदी बहुमूल्य सागौन की लकड़ी छोड़कर जंगल के अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने देखा कि 6 साइकिलों पर सागौन की लकड़ी लदी हुई थी, जिसे चौपाटी एवं पाया बनाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। वन अमले ने लकड़ी एवं साइकिलों को जब्त कर तेंदूखेड़ा वन परिसर लाया गया है मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण (पीओआर) दर्ज कर लिया गया है तथा उनकी पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है जिनकी टीम अब तलाश कर रही है । इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन, डिप्टी रेंजर बृजेश कौल, वनरक्षक संदीप ठाकुर, वनरक्षक अभिनय झारिया तथा वाहन चालक सुरेश केवट सहित वन विभाग का अमला शामिल रहा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन संपदा की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्त एवं निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### क्या अब प्रभारियों के भरोसे ही चलेंगे कार्यालय

**पथरिया।** अनुविभाग अंतर्गत आधे से अधिक विभागों में अधिकारियों की पदस्थापना नही होने से प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं शासन द्वारा विगत माह तबादला सूची जारी हुई लेकिन पथरिया विधानसभा में ना जाने क्यों अधिकारियों की पदस्थापना नही हो पा रही हैं जबकि अन्य जगह ऐसे हालात नही है पर पथरिया मंत्री का क्षेत्र होने के बाद भी जहां पहले से अधिकारी वहां तबादला करके प्रभारी अधिकारी बैठाने की शायद अब परम्परा सी हो गई है जहां अधिकारी का तबादला हुआ तो प्रभारी बनने के लिए जुगाड़ बैठाई जाती है उसमें भी कई तरह की चर्चा होती है कि तय पहले था सिर्फ सूची का इंतजार था। अनुविभागीय मुख्यालय में जनपद पंचायत में अतिरिक्त प्रभार में सीईओ,एसडीओ,उपयंत्री,नगर परिषद,स्वास्थ्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संदीपनी विघालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर के साथ करीब 80 प्रतिशत स्कूलों में प्राचार्य, महाविद्यालय में प्राचार्य नही,कृषि,उघानिकी,पशु चिकित्सालय,सब में प्रभारी अधिकारी चला रहें हैं। जबकि शासन के नियमों में प्रभारी व्यवस्था एक अस्थाई तौर पर लेकिन यहां तो हर विभाग में प्रभारी बन रहें हैं ऐसे में किस तरह से संचालित होंगे यह स्वयं अंदाज लगा सकते हैं।

### आदिवासी अंचल में विकास कार्यों के नाम पर घटिया निर्माण...

# सुरेखा घाट बोदा-मानगढ़ सीसी सड़क पर गंभीर आरोप, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा विधानसभा के अंतिम छोर पर स्थित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अमदर ग्राम पंचायत के सुरेखा बोदा-मानगढ़ घाट पर बन रही लगभग 500 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य अब विवादों में घिर गया है। करीब 30 वर्षों बाद शुरू हुए इस निर्माण से जहां ग्रामीणों में उत्साह था, वहीं अब घटिया सामग्री के उपयोग के आरोपों ने पूरे काम की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंदन सिंह ने ठेकेदार और आरईएस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उनके अनुसार सड़क निर्माण में निम्न स्तर की डस्ट, रेत और गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, जबकि बाउंड्री निर्माण में भी पत्थरों का इस्तेमाल गुणवत्ता पर संदेह पैदा करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही स्थिति बनी रही तो यह सड़क कुछ ही समय में उखड़कर खराब हो जाएगी।

#### शिकायत के बावजूद नहीं थमी लापरवाही

चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने निर्माण कार्य की खामियों का वीडियो बनाकर जनपद कार्यालय से लेकर एसडीएम तक शिकायत दर्ज कराई, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उल्टा निर्माण कार्य लगातार जारी है। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी मौके पर निरीक्षण तक करने नहीं पहुंचे, जिससे पूरे मामले की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### जांच का आश्वासन, कार्रवाई का इंतजार

मामले में जनपद सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने कहा कि शिकायत उनके संज्ञान में आई है और वे स्वयं मौके पर पहुंचकर जांच करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से कार्य पर रोक (स्टे) लगाई जाएगी।

#### ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन की भूमिका पर नजर

ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ गुणवत्तापूर्ण तरीके से मिलना चाहिए। घटिया निर्माण न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि क्षेत्र के लोगों को स्थायी सुविधाओं से वंचित करता है। विभागीय और प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बावजूद ठेकेदार पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## उपयंत्री के संरक्षण में सचिव सरपंच कर रहे मौज!

**हटा।** जनपद पंचायत हटा की कई पंचायत ऐसी है जहां सचिव सरपंच को सरपंच को बीट- उपयंत्री महोदय का संरक्षण प्राप्त होने के कारण वे लोग बेखौफ होकर मदो-(फंड) से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए आई शासकीय राशि का आपस मे बंदरबाट कर रहे है जिसकी पूरी जानकारी उपयंत्री के पास है लेकिन जब भी किसी हितग्राही या जनप्रतिनिधि के द्वारा पंचायत के विकास कार्य और शासकीय राशि के गवन का मामला अधिकारीयों के संज्ञान मे लाया जाता है तो जांच एवं समकक्ष पर कार्यवाही की जगह सिर्फ खानापूर्ति करके शिकायत का निराकरण कर दिया जाता है लेकिन कोई विभागीय कार्यवाही नही की जाती है। चाहे वो मनरेगा- खेत तालाब हो, निर्मल नीर कुआ, अमृत सरोवर, पुलिया निर्माण, या मेंढ-बंधान हो और या फिर 15 वां वित्त व 5 वां वित्त, विधायक सांसद निधि की राशि से निमार्ण किये जाने वाले सी.सी. रोड और नाली हो सभी में उपयंत्री का संरक्षण है तो जमीन पर नही सरकारी कागजों मे हर कार्य संभव है। लगातार - ग्रामीणों, हितग्राहियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनपद पंचायत के आलाधिकारी को शिकायतों के माध्यम से पंचायतों में होने वाले, कार्यों में फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला संज्ञान में लाया तो जा रहा है लेकिन अधिकारियो से उन्हे जांच और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ

**इश्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक 1. श्री लल्लू /श्री चंदा अहिरवाल, 2. श्री बाबू /श्री रत्तन अहिरवाल, 3. श्री बल्लू /श्री सुन्दर अहिरवाल, 4. श्री उत्तम /श्री कल्लन अहिरवाल आवेदकों द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्रं.-990 आबादी भूमि का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्रं.- 990 आबादी भूमि वार्ड क्रमांक 02 श्री चंदा/पति मुलू अहिरवाल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है ।म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 13/07/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**In The Court Of Sushri Palak Singhai, II Civil Judge Class - II, District Court, Damoh**

Presiding Officer : श्रीमति पलक सिंघई दिवाकर

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A / 0000095/2026)

ममता ठाकुर..................वादी Vs
आम जनता...................... प्रतिवादी

Process Id- /2026

प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 20/08/2026

(1) आम जनता पता- दमोह कोतवाली जिला दमोह मध्य प्रदेश

यह कि प्रार्थी ममता ठाकुर ने आपके विरूद्ध धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । न्यायोज तारीख 13 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

(पलक सिंघई)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खाण्ड, दमोह (म.प्र.)

शील

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।